गर्मी रच रही रोजाना नए कीर्तिमान

अरब सागर से आ रही नमी से पड़ेगी कमजोर

भोपाल (काप्र)।

राजधानी में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। ऐसे में गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। पिछले छह दिनों में दिन के तापमान में चार डिग्री की बढ़ोतरी देखी गई है। शहर का अधिकतम तापमान इस सीजन का सबसे ज्यादा 41.1 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। तेज गर्मी के कारण सडक़ें सुनसान रहीं और शाम के समय भी गर्म हवाओं ने परेशान किया। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, जबकि दिन के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। रात का तापमान 24 से 25 डिग्री तक पहुंच सकता है। राजस्थान से पश्चिम विदर्भ की ओर एक द्रोणिका सक्रिय है, जिसके प्रभाव से अरब सागर से नमी आ रही है। इस कारण इंदौर सहित मध्य और दक्षिण-पश्चिम मध्यप्रदेश में बादल छा सकते हैं। आने वाले दिनों में हवा का रुख उत्तर-पश्चिमी रहेगा, लेकिन बादल छाने से लू की स्थिति नहीं बनेगी और गर्मी से कुछ राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि संभवतः यह पहली बार है जब अप्रैल के शुरुआती दिनों में ही तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा है, जबकि आमतौर पर ऐसा अप्रैल की 15 तारीख के बाद होता है। दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस दौरान हवा की दिशा उत्तर-पश्चिमी रही और अधिकतम गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई।

पारे के उछाल ने बिगाड़ा 'सब्सिडी' का खेल

सामान्य बिजली उपभोक्ताओं का बढ़ रहा बिजली बिल

भोपाल (काप्र)।

मप्र में एक तरफ बिजली की दरों में वृद्धि और दूसरी तरफ भीषण गर्मी के कारण उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का चार गुना तक भार पड़ रहा है। दरअसल, पारे के उछाल से बिजली की मांग बढ़ गई है।

इसका असर सबसे अधिक उन उपभोक्ताओं पर पड़ेगा जो अभी तक 150 यूनिट तक खपत के दायरे में आते थे। ऐसे उपभोक्ता अगर 150 से 1 यूनिट ज्यादा बिजली खपत कर लेते हैं, तो उन्हें बिजली का पूरा टैरिफ देना होता है। इस वजह से बिजली बिल में तीन से चार गुना तक का इजाफा हो जाता है। सरकार की सब्सिडी योजना का लाभ प्रदेश के 1 करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ता उठा रहे हैं। गौरतलब है कि 1 अप्रैल से बिजली की दरों में 3.46 फीसदी की बढ़ोत्तरी हो गई है। हालांकि न्यूनतम प्रभार खत्म कर बिजली उपभोक्ताओं को मामूली राहत भी दी गई है। वहीं पीक ऑवर्स में बिजली जलाने पर उसके ज्यादा बिजली भुगतान करना होगा। बिजली की नई दर 1 अप्रैल से लागू होने के बाद मई माह को बिजली बिल बढ़ी हुई दरों के साथ आएगा। महीने में 50 यूनिट तक बिजली जलाने वालों को 18 पैसे यूनिट ज्यादा देने होंगे। वहीं 150 यूनिट तक खपत करने पर 26 पैसे प्रति यूनिट महंगी बिजली बिल देना होगा। वहीं भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका। ऐसे में सुबह से रात तक एसी, कूलर और पंखे चलने लगे हैं। इससे बिजली बिलों में तीन से चार गुना तक इजाफा हो गया।

मांग 15 हजार मेगावॉट से अधिक पहुंची

प्रदेश में बिजली की डिमांड भी अब बढने लगी हैं। यह डिमांड 15 हजार मेगावॉट से अधिक पहुंच गई है। अगले दो महीने ऐसी ही स्थिति रहेगी। इस वजह से जिन बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल पिछले महीने तक 500 रुपए से कम आ रहा था, अब उन बिजली उपभोक्ताओं का बिजली 1500 से 2000 रुपए के बीच आ रहा है। वहीं अप्रैल से बिजली का नया टैरिफ भी लागू हो गया है। इससे भी अगले महीने बिजली बिल बढक़र आएगा। बिजली के टैरिफ में 3.46 फीसदी का इजाफा हुआ है। बिजली कंपनियों ने घरेलू, उद्योग, नगर निगम, नगर पंचायत तक के बिजली टैरिफ में इजाफा कर दिया है। कृषि के टैरिफ में भी इजाफा हुआ है। सरकार 150 यूनिट तक बिजली खपत पर सब्सिडी देती है। 100 यूनिट बिजली खपत होने पर 100 रुपए और उसके बाद की 50 यूनिट का सामान्य टैरिफ के मुताबिक बिजली बिल आता है। इस तरह से 150 यूनिट तक की बिजली खपत वाले बिजली उपभोक्ताओं को सरकार 566 रुपए की सब्सिडी हर महीने देती है। गर्मी के दिनों में 150 यूनिट तक की बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की खपत बढ़ जाती है। इससे वे सब्सिडी से बाहर हो जाते हैं। एक बिजली उपभोक्ता ने मार्च के महीने में 144 यूनिट बिजली जलाई। यानी 30 दिन के हिसाब से प्रति दिन की खपत 4.65 यूनिट रहीं। इससे बिजली उपभोक्ता शासन की सब्सिडी योजना के लिए पात्र रहा। संबंधित बिजली उपभोक्ता का मासिक बिजली बिल 894 रुपए आया। सब्सिडी की पात्रता होने से बिजली उपभोक्ता को 537 रुपए की सब्सिडी मिल गई है। इससे बिजली बिल 339 रुपए आया। अगर संबंधित बिजली उपभोक्ता की बिजली खपत 150 यूनिट से ज्यादा 160 यूनिट हो जाती है, तो मौजूदा टैरिफ के मुताबिक उपभोक्ता का बिजली बिल 1086 रुपए आएगा। यानी 10 यूनिट बिजली खपत बढने पर बिजली बिल में 747 रुपए का इजाफा हो जाएगा।

सब स्टेशनों की हो रही है मेपिंग

मप्र पावर ट्रांसमिशन कपनी ट्रांसमिशन लाइनों एवं एक्स्ट्रा हाईटेंशन सब स्टेशनों की असेट मेपिंग करवा रहा है। इससे जहां ट्रांसमिशन एलीमेंटस का डिजीटल डाटा एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेगा, वहीं किसी भी इमरजेंसी के समय मटेरियल मैनेजमेंट टाइम और व्यवधान को न्यूनतम करने में सहायता मिलेगी। बिजली लाइनों में सुधार कम से कम समय में हो जाएगा। प्रदेश की 27900 किमी लाइनों एवं 416 सब स्टेशनों में यह असेट मेपिंग का कार्य चल रहा है। इसके लिए सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डेशबोर्ड के निर्माण का कार्य भी करना है। ट्रांसमिशन कंपनी के लाइन मेंटनेन्स कार्मिकों के साथ सबस्टेशन प्रभारी के मोबाइल पर ऐप से यह पूरी जानकारी उपलब्ध रहेगी।

पंचग्रही योग में मनाई जाएगी श्री हनुमान जयंती

57 साल बाद बन रहा है ऐसा संयोग

चैत्र शुक्ल पूर्णिमा (12 अप्रैल) को भगवान शिव के 11वें अवतार, परम भक्त श्री हनुमान जी महराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार हनुमान जयंती पर पंचग्रही योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। जो कि बहुत शुभ होने वाला है। हनुमान जयंती पर देशभर में जबरदस्त उत्साह रहता है। जगह-जगह पर भजन-कीर्तन, पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन होता है।

आचार्य राजीव शुक्ल के अनुसार इस वर्ष हनुमान जयंती विशेष रूप से शुभ मानी जा रही है। क्योंकि यह 12 अप्रैल 2025 को पंचग्रही योग में मनाई जाएगी। जो कि पूरे 57 वर्षों बाद का एक अद्भुत ज्योतिषीय संयोग है। इस दुर्लभ अवसर पर हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा, हनुमान वडवानल स्तोत्र और पंचमुखी हनुमान कवच का पाठ अवश्य करना चाहिए।

सेनि बैंक अफसर के घर चोरों का धावा, दो लाख नकदी व जेवरात चोरी

भोपाल (काप्र)।

राजधानी में सक्रिय बदमाश लगातार सूने मकानों को निशाना बना रहे हैं। चूनाभट्टी इलाके में रहने वाले एक रिटायर्ड बैंक अफसर के घर का ताला तोड़कर चोर 2 लाख रुपए नकदी और जेवरात समेत लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गए।

वारदात के समय अफसर पत्नी के साथ बाहर गए हुए थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सूर्यप्रकाश मालवीय (62) सी-सेक्टर शाहपुरा थाना चूनाभट्टी में रहते हैं। वह पंजाब नेशनल बैंक के रिटायर्ड अफसर हैं। उनके साथ पत्नी ममता मालवीय रहती हैं, जबकि बच्चे शहर से बाहर हैं। मकान के ग्राउंड फ्लोर पर उनकी साली और सास रहती हैं। बीती छह अप्रैल को सूर्यप्रकाश अपनी पत्नी के साथ मकान पर ताला लगाकर श्रीधाम जबलपुर चले गए थे। अगले दिन सूचना मिली कि मकान का ताला टूटा हुआ है वह रात करीब दस बजे घर पहुंचे तो गेट और अलमारियों के ताले टूटे मिले तथा पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर अलमारी में रखे 2 लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों रुपए का सामान गायब था। बदमाशों ने दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया था।

लोहे की राड छोड़कर भागे

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो ताला तोड़ने वाली एक राड पड़ी मिली। जांच के दौरान कमरे में जगह-जगह गुटके की पीक थूकी गई थी। बदमाशो ने बारीकी से पूरे मकान की तलाशी ली थी। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर संदेही दिखाई दिए हैं, लेकिन उनका चेहरा और गाड़ी का नंबर स्पष्ट नहीं दिखाई दिया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्वर्ण प्राशन का आयोजन

एम्स के आयुष विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयुर्वेद ओपीडी में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल की शुरुआत वर्ष 2022 में पुष्य नक्षत्र के अवसर पर हुई थी, और तब से बच्चों के स्वास्थ्य एवं संपूर्ण विकास को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के दिन आयुर्वेद ओपीडी में नियमित रूप से स्वर्ण प्राशन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 1 से 16 वर्ष की आयु के कुल 101 बच्चों ने भाग लिया।

9-11 मई को अल्बानिया में रहेंगे राज्य निर्वाचन आयुक्त

भोपाल (काप्र)। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग को अल्बानिया रिपब्लिक के संसदीय चुनाव में ऑब्जर्वर के रूप में आमंत्रित किया गया है। अल्बानिया में 9 से 11 मई तक संसदीय निर्वाचन होना है।

आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि एमपी में पेपरलेस बूथ को लेकर किया गया नवाचार समेत अन्य नई तकनीकों के इस्तेमाल के कारण एमपी के राज्य निर्वाचन आयोग को यह मौका मिला है। इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नॉलेज शेयरिंग प्लेटफार्म उपलब्ध होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निर्वाचन में किये गए विभिन्न नवाचारों जैसे पेपरलेस बूथ आदि के सफल प्रयोग के कारण अल्बानिया के निर्वाचन आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया है कि यह पहला राज्य निर्वाचन आयोग है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्वाचक प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नॉलेज शेयरिंग प्लेटफार्म उपलब्ध होगा। राज्य निर्वाचन आयोग अल्बानिया के निर्वाचन संबंधी बेस्ट प्रेक्टिसेज और नवाचारों को सीखेगा। साथ ही प्रदेश के आगामी स्थानीय निकायों के निर्वाचन में इनका उपयोग करने पर विचार करेगा। उन्होंने बताया कि यह आमंत्रण राज्य निर्वाचन आयोग के लिये एक गौरव की बात है और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

नवकार महामंत्र विश्व में सद्भाव और शांति की स्थापना का प्रभावी सूत्र : शुक्ल

भोपाल(काप्र)।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि नवकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पावन एवं शक्तिशाली मंत्र है, जो विनम्रता, अहिंसा, भाईचारे और आत्मशुद्धि का संदेश देता है। यह मंत्र न केवल मानसिक शांति और आंतरिक संतुलन का माध्यम है, बल्कि विश्व में सद्भाव और शांति की स्थापना का प्रभावी सूत्र भी है।

श्री शुक्ल ने विश्व नवकार महामन्त्र दिवस पर रवीन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुनिश्री आचार्य प्रमाण सागर एवं अन्य आचार्य गण से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज आध्यात्मिक पुनरुत्थान और सांस्कृतिक जागरण की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। भारत की आत्मा उसकी अध्यात्म-समृद्ध परंपरा में निहित है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम उस आत्मा को पुनः जाग्रत करने का कार्य कर रहे हैं। श्री मोदी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण सभी उपस्थित श्रद्धालुओं एवं अनुयायियों ने श्रवण एवं दर्शन किया।

मुनिश्री आचार्य प्रमाण सागर ने वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नवकार महामंत्र की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जब विश्व आतंक, हिंसा और युद्ध के भयावह दौर से गुजर रहा है, तब नवकार महामंत्र शांति, सह-अस्तित्व और आत्मबोध की ओर मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि महावीर का जन्म नहीं, निर्माण होता है—जब आत्मा स्वयं को पहचानती है, तब वह महावीर बनती है। आचार्य प्रमाण सागर ने कहा कि सच्चा वंदन केवल बाह्य अर्चना नहीं बल्कि अपने अस्तित्व के प्रति जागरूकता है। जब हम अपने अंदर के महावीर को पहचानते हैं और उसका वंदन करते हैं, तभी हम सम्पूर्ण विश्व का वंदन कर रहे होते हैं।

मनमोहक प्रस्तुतियों से जगमगाया स्वदेशी मेला

भोपाल (काप्र)।

राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेले के तीसरे दिन भी आगंतुकों का उत्साह तेजी से बढ़ता जा रहा है। दिन प्रतिदिन आगंतुकों की भीड़ मेले में बढ़ती जा रही है। जो स्वदेशी भावना से समान खरीद रहे हैं।

मेला दशहरा मैदान बिट्टन मार्कट में लगाया गया है। जिसमें तीसरे दिन युवा स्वयं जुड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं। इन मनमोहक प्रस्तुतियो से स्वदेशी मेला जगमगा गया। युवाओं के द्वारा बैंड के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दी गई। अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के अध्यक्ष राजेश पोरवाल ने बताया कि मेले में शासकीय एवं निजी दोनों प्रकार की प्रदर्शनियां लगाई गई हैं जिन्हें देखने के लिए आगंतुकों में अधिक उत्साह है। श्री पोरवाल ने बताया कि जनसंपर्क की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसके साथ ही

संपूर्ण प्राकृतिक खेती एवं पौष्टिक तथा स्वादिष्ट खाद्यान्य की प्रदर्शनी से शहर के महिला, युवाओं एवं किसानों में अधिक उत्साह है। स्वदेशी संघ द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ाने के लिए प्रारंभ से ही अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं। श्री पोरवाल ने बताया कि विभिन्न जिलों में किसानों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण भी स्वदेशी मंच द्वारा आयोजित किए जाते हैं।

मध्यस्थता जागरूकता एवं कानूनी सलाह शिविर आज

सेवा भारती वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र महानगर की ओर से मध्यस्थता जागरूकता एवं कानूनी सलाह शिविर कल 10 अप्रैल दिन गुरुवार स्थान बाबा नगर बंसल हॉस्पिटल के पास समय दोपहर 12.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक है। शिविर में शिव मंगल सिंह सेवानिवृत्त प्रधान जिला न्यायाधीश केंद्र के प्रांतीय अध्यक्ष, राजेंद्र नागपुरे सेवानिवृत्त प्रधान जिला न्यायाधीश केंद्र के प्रांतीय उपाध्यक्ष तथा केंद्र की महानगर समिति के अध्यक्ष सभापति यादव सेवानिवृत्त प्रधान जिला न्यायाधीश ओर केंद्र की प्रांतीय सचिव श्रीमती रचना पुरोहित के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया इसमें समस्त विवादित प्रकरणों,सिविल आपराधिक मामले,उपभोक्ता राजस्व चेक बाउंस, मकान मालिक व किराएदार विवाद जैसे अन्य विवादों के साथ करियर काउंसलिंग के विषय में विशेषज्ञौ द्वारा निशुल्क सलाह दी जाएगी। शिविर में सचिव एस आर सेंडने,श्रीमती गुंजन मिश्रा, गीत अधीर अधिवक्ता ने जरूरतमंदों से भाग लेने की अपील की है।

महर्षि वाल्मीकी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित, भोपाल

(पंजीयन क्रमांक/ए.आर.बी./477, दि.20.8.1993)
क्रमांक/साधा.सभा/क्यू/2025 दि. 8. 4.2025

वार्षिक साधारण सभा की सूचना

भंडार के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 23.4.2025, दिन बुधवार को समय प्रातः 10.00 बजे स्थान- म.नं. 2, चौकी इमामबाड़ा, भोपाल (म.प्र.) में आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

टीप:- साधारण सभा के विचारणीय बिन्दु निम्नानुसार है। 1.भंडार का कार्यक्षेत्र नगर निगम सीमा क्षेत्र वार्ड क्रमांक-7 के स्थान पर वार्ड नं.-73 करने बाबत। 2. वर्ष 2024-25 के वित्तीय पत्रकों की स्वीकृति करने बाबत। 3. वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट स्वीकृत करने बाबत। 4. वर्ष 2025-26 का वार्षिक अंकेक्षण कराने बाबत।

नोट-1. आमसभा में केवल उपरोक्त बिन्दुओं पर ही विचार व चर्चा की जावेगी। 2. सभा के लिए निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं हुई तो गणपूर्ति के अभाव में आधा घंटा के लिए आमसभा स्थगित की जावेगी। यदि फिर भी गणपूर्ति नहीं होती है तो आमसभा उसी स्थान एवं दिनांक को सम्पन्न की जावेगी तथा इस आमसभा में लिये गये निर्णय सर्वमान्य होंगे।

अध्यक्ष
महर्षि वाल्मीकि महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित, भोपाल
99

नाम संशोधन सूचना

मैं दिलीप सिंह (उर्फ दिलीप गुर्जर) आत्मज श्री खुमान सिंह आयु वयस्क निवासी ग्राम झिनिंया कांकड बैरसिया, जिला भोपाल (म.प्र.) पिन कोड नं 463106 सुमित गुर्जर (SUMIT GURJAR) मेरा पुत्र है जिसकी वर्तमान आयु लगभग 10 वर्ष है। जिसका सही नाम सुमित गुर्जर (SUMIT GURJAR) है उसका यही सही नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र (पंजीकरण संख्या 82024231315 50000025) मे अंकित है, जबकि त्रुटिवस मेरे पुत्र सुमित गुर्जर के आधार कार्ड मे उसका गलत नाम पूनम (POONAM) लिखा है जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम सुमित गुर्जर (SUMIT GURJAR) पुत्र श्री दिलीप सिंह (उर्फ दिलीप गुर्जर) है। मेरे पुत्र का सही नाम सुमित गुर्जर (SUMIT GURJAR) पुत्र श्री दिलीप सिंह (उर्फ दिलीप गुर्जर) है । उक्त दोनो नाम अर्थात सुमित गुर्जर (SUMIT GURJAR) एवं पूनम (POONAM) मेरे पुत्र का स्वंय का ही नाम है अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम है। एवं वर्तमान मै मेरा पुत्र सुमित गुर्जर (SUMIT GURJAR) पुत्र श्री पुत्र श्री दिलीप सिंह उर्फ (दिलीप गुर्जर) है, के नाम से जाना पहचाना जाता है एवं मेरे पुत्र को प्रकाशन उपरान्त इसी नाम से जाना-पहचाना एवं पढा, लिखा जावे।

मेरे पुत्र का गलत नाम
पूनम (POONAM)
मेरे पुत्र का वर्तमान सही नाम
सुमित गुर्जर (SUMIT GURJAR)
100

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर भोपाल

आम सूचना

ओल्ड सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड / भवन क्रमांक एच. आई.जी. 25 मण्डल द्वारा श्री आर.एम. छलोत्रे आत्मज श्री एम.एल. छलोत्रे के नाम पर आवंटित किया गया है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 06/11/1992 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 22/09/2016 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। श्री आर.एम. छलोत्रे आत्मज श्री एम.एल. छलोने की दिनांक 27/04/2021 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी एवं पुत्र श्रीमती सुशीला छलोत्रे पत्नी स्व. श्री आर. एम. छलोत्रे एवं श्री संजय छलोत्रे आत्मज स्व. श्री आर.एम. छलोत्रे के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र, परिचय-पत्र, मृत्यु-प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुशीला छलोत्रे पत्नी स्व. श्री आर.एम. छलोत्रे एवं श्री संजय छलोत्रे आत्मज स्व. श्री आर.एम. छलोत्रे के संयुक्त नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल
101

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर भोपाल

आम सूचना

ऐशबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में फ्लेट भवन क्रमांक जूनि एम.आई.जी. 62 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा 1. श्री अशोक कुमार जैन आत्मज श्री हुकमचन्द जैन 2. श्री कमाल अख्तर आत्मज स्व. श्री अख्तार मोहम्मद एवं 3) श्रीमती जमीला अख्तर पत्नी श्री कमाल अख्तर के संयुक्त नाम पर आवंटित किया गया है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/6/2014 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है श्री अशोक कुमार जैन आत्मज श्री हुकमचन्द जैन द्वारा अपने नाम का हक त्याग दिनांक 22/6/2014 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत कराया गया है। भवन के हस्तान्तरण हेतु हकत्यागकर्ता एवं हकत्याग्रहित द्वारा हस्तान्तरण का आवेदन दिनांक 24/7/2014 को प्रस्तुत किया था। जिसके परिपेक्ष्य में श्रीमती जमीला अख्तर का फोटो सत्यापन नही होने के कारण हस्तान्तरण आवेदन निरस्त किया गया है श्रीमती जमीला अख्तर पत्नी श्री कमाल अख्तर की दिनांक 21/8/2022 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पति श्री कमाल अख्तर के द्वारा उक्त संपति के हस्तान्तरण/ नामान्तरण हेतु पुनः आवेदन पत्र शपथ-पत्र (स्वयं का) मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए हक त्याग दिनांक 22/6/2014 के आधार पर उक्त संपति अपने नाम हस्तान्तरित/नामान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, साथ यह भी शपथ पत्र प्रस्तुत किया है कि भवन के आवंटी श्री अशोक कुमार जैन आत्मज श्री हुकमचन्द जैन एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु हम स्वयं जिम्मेदार होगें प्रस्तुत दस्तावेजो एवं हक त्याग दिनांक 22/6/2014 के आधार पर उक्त संपति से श्रीमती जमीला अख्तर पत्नी श्री कमाल अख्तर का नाम विलोपित करते हुए उक्त सम्पत्ति श्री कमाल अख्तर आत्मज स्व. श्री अख्तार मोहम्मद के नाम से हस्तान्तरण/नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल
102

In The Court Of IV Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Bhopal

Presiding Officer:Shri जैनुल आब्दीन
(आपेदश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0002088/2019)
चंद्रप्रभा रस्तोगी.....**वादी** ...Vs
चंद्रकांत सोनी ..... **प्रतिवादी**

Process Id-/2025
पेशी दिनांक 17/04/2025

प्रेषित-1.चंद्रकांत सोनी पिता बाबूलाल सोनी पता- ओमी टेंट हाउस के पास चक्की चौराहा टी. टी. नगर भोपाल मप्र. यह कि प्रार्थी चंद्रप्रभा रस्तोगी ने आपके विरूद्ध आवेदन अंतगर्त धारा 166 मोटरयान अधि. के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप तुमकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया **ध्यान दे** :- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

Janual Abdin, Member
IV Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Bhopal, M.P.
103

न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ-चिचली-वृत्त, तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.
प्र.क्र.RS/444/0760/5694/2025

इश्तहार

आवेदक सरला आ./पत्नी अमस सिंह निवासी बंजारी कोलार रोड भोपाल द्वारा ग्राम बंजारी स्थित खसरा क्र. 5/4/1, 5/3/1 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट हेतु भूखंड/मकान क्रमांक (आवासीय/गैर-आवासीय कॉलोनी) में का विक्रय-पत्र/फौती/वसीयतनामा/अधिकार-त्याग-पत्र के आधार पर नामांतरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तेहार के जारी होने के दिनांक 23/4/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 9/4/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील कोलार, जिला भोपाल
104

न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक /4792/अ-6/24-25

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री विजय गोपाल हुण्डैत आ. श्री जगदीश सहाय हुण्डैत एवं अर्चना हुण्डैत पत्नी विजय गोपाल हुण्डैत निवासी भोपाल म.प्र. म.प्र.भू.रा. सहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP059702018A1612349 दिनांक 1/9/2018 ग्राम बावाड़िया कला प. ह. न. स्थित भूमि खसरा नंबर 24/2/6/1, 24/2/6/2, 24/2/6/3 रकबा 111.52 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 16/4/2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 9/4/2025 को जारी किया गया।

प्रवाचक तहसीलदार
तहसील कोलार, जिला भोपाल
105

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री जीशान रहमान आयु व्यस्क पुत्र श्री तारिक उर रहमान निवासी म.नं. 44 गली नं.1 कोतवाली रोड भोपाल म.प्र से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य एक किता आवासीय फ्लैट नं. 101 (2 BHK) फर्स्ट फ्लोर अनीस जहां मंजिल जिसका कुल एरिया 625 वर्गफिट, स्थित म. नं. 3 नूरमहल गलियों में वार्ड नं. 08 तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र में स्थित है जिसके विक्रेता मालिक व काबिज है वह उक्त सम्पत्ति विक्रय कर रहे है तथा विक्रेता को मेरे पक्षकार ने बयाना राशि अदा कर दी है यदि उक्त विक्